# अखिल भारतवर्षीय श्री वैश्य बारहसैनी महासभा (पंजी.)

श्री वार्ष्णेय मंदिर, जी.टी. रोड़, अलीगढ़-202001 (उत्तर प्रदेश)

एल0डी0 वार्ष्णेय (प्रधान)
316 आशालय मैरिस रोड,
अलीगढ़-202001
मोबा : 9837051567

इं. सुशील कुमार वार्ष्णेय (महामंत्री)
1/1405-ए (जे-16), मानसरोवर पार्क,
शाहदरा, दिल्ली-110032
मोब : 09899110111
ई-मेल : skvarshy@yahoo.com

सुनील कुमार गुप्ता (कोषाध्यक्ष)
103, गणेश कृपा हाउसिंग सोसायटी
कॉपरखेरना, नवी मुंबई-400709
मोब : 9867224726

Web: **www.varshneymahasabha.org** E-mail: **varshney.mahasabha@gmail.com**


**दिनांक: 18-11-2021**

## निर्वाचन एवं साधारण सभा की सूचना

**आदरणीय मान्यवर,**

**नमस्कार,**

आपको सूचना दी जाती है अखिल भारतवर्षीय श्री वैश्य बारहसैनी महासभा (पंजी.) के आगामी सत्र के निर्वाचन के लिए श्री अशोक कुमार वार्ष्णेय, अलीगढ़ को मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं श्री बी के गुप्ता अलीगढ़ तथा श्री विष्णु शेखर गुप्ता, अलीगढ़ को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया था। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी की गयी अधिसूचना इस पत्र के साथ सलंग्न हैं। महासभा का निर्वाचन उक्त अधिसूचना के अनुसार ही होगा।

यह हर्ष का विषय है कि इस बार निर्वाचन एवं साधारण सभा के आयोजन की जिम्मेदारी वार्ष्णेय समाज वजीरगंज जिला बदायू के द्वारा वहन की जा रही है।

अखिल भारतवर्षीय श्री वैश्य बारहसैनी महासभा (पंजी.) की साधारण सभा दिनांक 9 जनवरी -2022, दिन-रविवार को सायं 05:00 बजे मतदान के उपरान्त आहूत की जायेगी। साधारण सभा में विचारणीय विषय निम्न प्रकार से हैं।

1. गत बैठक की रिपोर्ट पारित करना।
2. आय-व्यय व तुलन पत्र पारित करना।
3. महासभा की गतिविधियों पर महामंत्री की रिपोर्ट।
4. अन्य प्रधान जी की आज्ञा से।

धन्यवाद,

भवदीय

**(सुशील कुमार वार्ष्णेय)**
महामंत्री

**नोट:**

1. सदस्यों के लिए सुबह नाश्ते, दोपहर के भोज आदि खान-पान की व्यवस्था है।
2. बाहर से आने वाले सदस्यों के लिए ठहरने की भी व्यवस्था है, कृपया अग्रिम सूचना दिनांक 30 दिसम्बर 2021 तक देने की कृपा करें।
3. महासमिति के सदस्यों को रू. 100/- प्रति व्यक्ति डेलीगेशन फीस के रूप में मतदान से पूर्व जमा कराने होंगे।

**सम्पर्क सूत्र:**

1. **श्री सत्येंद्र 'सर्राफ'** (संयुक्त मंत्री आ0भा0 श्री वैश्य बारहसैनी महासभा) मोबा -9758464221
2. **श्री शैलेश वार्ष्णेय** (अध्यक्ष श्री वार्ष्णेय विकास समिति, वजीरगंज) मोबा -9319863750
3. **श्री अरविंद कुमार वार्ष्णेय** (महामंत्री श्री वार्ष्णेय विकास समिति, वजीरगंज) मोबा -8273035022
4. **श्री रवि गुप्ता** (कोषाध्यक्ष श्री वार्ष्णेय विकास समिति, वजीरगंज) मोबा -9358601729
5. **श्री गौरव वार्ष्णेय** (KIDZEE) मोबा -8899178182

# अखिल भारतवर्षीय श्री वैश्य बारहसैनी महासभा (पंजी)

कार्यालय : श्री वार्ष्णेय मन्दिर परिसर, जी.टी. रोड, अलीगढ़–202001

## निर्वाचन अधिसूचना

एतद् द्वारा मैं अशोक कुमार वार्ष्णेय , मुख्य निर्वाचन अधिकारी अखिल भारतवर्षीय श्री वैश्य बारहसैनी महासभा (पंजी.) संस्था के विधान के अन्तर्गत कार्यसमिति के निर्वाचन प्रक्रिया की निम्न कार्यक्रमानुसार घोषणा करता हूँ-

| क्र. | दिनांक | कार्यक्रम का विवरण | समय | स्थान | अन्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 19.12.2021 | निर्वाचन हेतु नामांकन | प्रातः 10 से दोपहर 02 बजे तक | श्री वार्ष्णेय धर्मशाला, वजीरगंज | |
| 2. | 19.12.2021 | नामांकन जांच | दोपहर 2:30 से 04 बजे तक | श्री वार्ष्णेय धर्मशाला, वजीरगंज | |
| 3. | 19.12.2021 | नाम वापसी | दोपहर 4 से सायं 6 बजे तक | श्री वार्ष्णेय धर्मशाला, वजीरगंज | |
| 4. | 09.01.2022 | मतदान (यदि आवश्यक हुआ) | प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक | श्री वार्ष्णेय धर्मशाला, वजीरगंज | |
| 5. | 09.01.2022 | मतगणना (यदि आवश्यक हुआ) | सायं 6 बजे से परिणाम घोषित होने तक | श्री वार्ष्णेय धर्मशाला, वजीरगंज | |

**निर्वाचन हेतु आवश्यक निर्देश :-**

1. यह सम्पूर्ण चुनाव प्रक्रिया अ.भा. श्री वैश्य बारहसैनी महासभा (पंजी.) संस्था के संस्था के संशोधित विधान 2017 एवं सामान्य निर्वाचन आचार संहिता नियमावली के अनुसार सम्पन्न कराई जायेगी।
2. नामांकन पत्र में प्रत्याशियों के वही नाम मान्य होंगे जो अन्तिम मतदाता सूची में अंकित हैं। दो नाम एक समान होने की दशा में मतदाता क्रमांक दर्ज किया जायेगा। नामांकन के लिए प्रत्याशी का उपस्थित होना अनिवार्य है।
3. निर्वाचन के लिए पद - आठ पदाधिकारी प्रधान- एक, वरिष्ठ उप प्रधान- एक (वार्ष्णेय धर्मशाला, वजीरगंज के लिए आरक्षित), महामंत्री- एक, संयुक्त महामंत्री- एक, कोषाध्यक्ष- एक, संयुक्त मंत्री- एक, संगठन मंत्री- एक एवं प्रचार मंत्री- एक) 21 क्षेत्रों (जोन) के लिए प्रत्येक क्षेत्र से एक क्षेत्रीय उप प्रधान, एक क्षेत्रीय मंत्री तथा प्रत्येक क्षेत्र से दो-दो सभासद हेतु निर्वाचन होगा।
4. महासमिति के सदस्य ही निर्वाचन के लिए प्रत्याशी का प्रस्ताव एवं अनुमोदन करने के अधिकारी होंगे, किंतु क्षेत्रीय पदाधिकारी/सभासद के प्रस्तावक एवं अनुमोदक उसी क्षेत्र के महासमिति के सदस्य होंगे।
5. कोई भी प्रत्याशी दो पदों के लिए चुनाव नहीं लड़ सकेगा।
6. प्रधान, महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष पदों हेतु उम्मीदवारों का महासभा के किन्हीं 2 सत्रों में कार्यसमिति का पदाधिकारी या सभासद होना अनिवार्य है।
7. प्रत्याशी को नामांकन पत्र के साथ नकद राशि नामांकन शुल्क के रूप में देना होगा, जो निम्न प्रकार होगा :-
   (क) प्रधान, महामंत्री, कोषाध्यक्ष रु. 11,000/- प्रति पद, (ख) अन्य केन्द्रीय पदाधिकारी (वरिष्ठ उप प्रधान, संयुक्त महामंत्री, संगठन मंत्री, संयुक्त मंत्री व प्रचार मंत्री), रु. 5100/- प्रति पद , (ग) क्षेत्रीय उप प्रधान व मंत्री रु. 3100/- प्रति पद, (घ) क्षेत्रीय सभासद रु. 2100/- प्रति पद
8. नाम वापसी निर्वाचन स्थल में स्वयं उपस्थित होकर ही की जा सकेगी। प्रत्याशी द्वारा जमा नामांकन शुल्क वापस नहीं किया जाएगा। प्रत्याशी की अनुपस्थिति में निर्वाचन अधिकारी की संतुष्टि आवश्यक है।
9. मतदाता सूची रुपये 100/- प्रति सूची प्रोसेसिंग शुल्क के रूप में नकद देकर चुनाव अधिकारी से प्राप्त की जा सकेगी।
10. नामांकन पत्र की एक नमूना प्रति अधिसूचना के साथ संलग्न है। उसका नामांकन के लिए प्रयोग किया जा सकता है।
11. मतदान के समय प्रत्येक मतदाता को जो मतपत्र दिये जायेंगे, उनमें एक केन्द्रीय पदाधिकारियों के निर्वाचन हेतु व दूसरा क्षेत्रीय पदाधिकारियों व सभासदों के निर्वाचन हेतु होगा।
12. यह संपूर्ण प्रक्रिया समाज हित में आवश्यक है। परंतु सभी सुझाव/शिकायत लिखित रूप से आमंत्रित है।

नोट : निर्वाचन स्थल पर केवल निर्वाचन में भाग लेने की अहर्ता लेने वाले सदस्य ही प्रवेश कर सकेंगे। इस विषय में निर्वाचन अधिकारी का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

**सम्पर्क सूत्र :**

**श्री अशोक कुमार वार्ष्णेय**
(मुख्य चुनाव अधिकारी)
445, चैस कंपाउंड, जेल रोड
अलीगढ़
मो.: 98376 08868

**श्री बी०के० गुप्ता**
(चुनाव अधिकारी)
दुर्गा एडवरटाइजर्स
103, दी ग्रेट प्लाजा, दुबे का पड़ाव, अलीगढ़
मो.: 98373 94491

**श्री विष्णु शेखर गुप्ता**
(चुनाव अधिकारी)
312, अभिनंदन विद्या नगर, फेस-2
रामघाट रोड, अलीगढ़
मो.: 92196 10250

# अखिल भारतवर्षीय श्री वैश्य बारहसैनी महासभा (पंजी.)

**श्री वार्ष्णेय मन्दिर, जी.टी. रोड, अलीगढ़ – 202001**

## कार्यसमिति हेतु नामांकन पत्र

1. पद का नाम ..........................................
2. प्रधान, महामंत्री एवं कोषाध्यक्ष पद हेतु किन्हीं दो सत्रों का विवरण निम्न है:–

   (i) पद.......................................... सत्र ..........................................

   (ii) पद.......................................... सत्र ..........................................
3. प्रत्याशी का नाम ..........................................
4. प्रत्याशी का व्यवसाय ..........................................
5. प्रत्याशी की क्षेत्र संख्या एवं सम्बद्ध संस्था का नाम ..........................................
6. प्रस्तावक का नाम ..........................................
7. प्रस्तावक की क्षेत्र संख्या एवं संस्था का नाम ..........................................
8. प्रस्तावक के हस्ताक्षर ..........................................
9. अनुमोदक का नाम ..........................................
10. अनुमोदक की क्षेत्र संख्या एवं सम्बद्ध संस्था का नाम ..........................................
11. अनुमोदक के हस्ताक्षर ..........................................

**प्रत्याशी की सहमति:** मैंने अ.भा. श्री वैश्य बारहसैनी महासभा (पंजी.) के संशोधित विधान –2017 की समस्त धाराओं को भलि भांति पढ़, सुन एवं समझ लिया है। मैं, किसी प्रकार का न तो नैतिक दोषी हूँ और न दिवालिया घोषित हुआ हूँ और न किसी अपराध में न्यायालय से दण्डित हुआ हूँ और न मुझ पर महासभा का कोई देय शेष है। मैं महासभा की संशोधित विधान –2017 की नियमावली का पूर्णतः पालन करूंगा।

मैं, वार्ष्णेय समाज के हित में सदैव कार्य करूंगा तथा कहीं भी समाज का अहित नहीं करूंगा। मैं, महासभा की कार्यसमिति हेतु..........................................पद के लिए अपनी सहमति देता हूँ।

दिनांक: .................... समय: .................... प्रत्याशी के हस्ताक्षर

**नोट:–** नामांकन पत्र प्रस्तुत करते समय प्रत्याशी का निर्वाचन अधिकारी के समक्ष निर्वाचन कार्यालय में उपस्थित होना अनिवार्य है।

**निर्वाचन अधिकारी का निर्णय:–**

..........................................................................................

### नाम वापसी हेतु आवेदन

सेवा में,

**निर्वाचन अधिकारी**

**अ.भा. श्री वैश्य बारहसैनी महासभा (पंजी.)**

महोदय,

मैंने..........................................पद के लिए नामांकन–पत्र भरा था। अब स्वेच्छा से मैं....................
..........................................पद पर चुनाव नहीं लड़ना चाहता हूँ। अतः उक्त पद से स्वयं उपस्थित होकर अपना नाम बिना किसी दबाव के वापस लेता हूँ।

दिनांक: .................... समय: .................... प्रत्याशी का नाम: ..........................................

क्षेत्र संख्या : ..........................................

हस्ताक्षर: ....................मो: .................... सम्बद्ध संस्था का नाम: ..........................................